**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**PERIODIC_TEST- 01 (2025-26)**

**HINDI (085)**

| | |
|---|---|
| Class : IX | Duration : 1 Hrs |
| Date : 04.07.2025 | Max. Marks : **25** |
| Admission No.: | Roll No.: |

---

सामान्यनिर्देशाः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षणं कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 8 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

प्रश्नपत्रस्वरूपम् -

| | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 07 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्याकरणम् | 06 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 07 अङ्क |
| भाग 'घ' : पत्र लेखन | 05 अङ्क |

---

भाग 'क' **:** अपठित गद्यांश (07 अङ्क)

प्रश्न 01 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

मैं यह नहीं मानता कि समृद्धि और आध्यात्मिकता एक दूसरे के विरोधी हैं या भौतिक वस्तुओं की इच्छा रखना कोई गलत सोच है। उदाहरण के तौर पर, मैं खुद न्यूनतम वस्तुओं का भोग करते हुए जीवन बिता रहा हूँ, लेकिन मैं सर्वत्र समृद्धि की कद्र करता हूँ क्योंकि समृद्धि अपने साथ सुरक्षा तथा विश्वास लाती है, जो अंततः हमारी आजादी को बनाए रखने में सहायक है।आप अपने आस-पास देखेंगे तो पाएँगे कि खुद प्रकृति भी कोई काम आधे अधूरे मन से नहीं करती। किसी बगीचे में जाइए। मौसम में आपको फूलों की बहार देखने को मिलेगी अथवा ऊपर की तरफ ही देखें, यह ब्रह्मांड आपको अनंत तक फैला दिखाई देगा, आपके यकीन से भी परे जो कुछ भी हम इस संसार में देखते हैं वह ऊर्जा का ही स्वरुप है। जैसा कि महर्षि अरविंद ने कहा है कि हम भी ऊर्जा के ही अंश है इसलिए जब हमने यह जान लिया है कि आत्मा और पदार्थ दोनों ही अस्तित्व का हिस्सा हैं, वह एक दूसरे से पूरा तादात्म्य रखे हुए हैं तो हमें यह एहसास भी होगा कि भौतिक पदार्थों की इच्छा रखना किसी भी दृष्टिकोण से शर्मनाक या गैर आध्यात्मिक बात नहीं है।

[1] लेखक के अनुसार समृद्धि और आध्यात्मिक में क्या संबंध है? 1 अंक

क] एक दूसरे के विरोधी हैं    ख] एक दूसरे के पूरक है
ग] एक दूसरे से संबंधित नहीं है    घ] समृद्धि अध्यात्म से बेहतर है

[2] भौतिक शब्द का विलोम शब्द क्या है? 1 अंक

क] अभौतिक    ख] सांसारिक
ग] ईश्वरीय    घ] स्थूल

[3] समृद्धि को आवश्यक क्यों बताया गया है? 1 अंक

क] समृद्धि अपने साथ सुरक्षा तथा विश्वास लाती है
ख] समृद्धि हमारी आजादी को बनाए रखने में सहायक है
ग] समृद्धि और आध्यात्मिक एक दूसरे के पूरक है
घ] उपरोक्त सभी

[4] भौतिक वस्तुओं की इच्छा के बारे में लेखक का क्या मत है ? 2 अंक

[5] लेखक ने प्रकृति का क्या स्वभाव बताया है? 2 अंक

भाग 'ख' **:** व्याकरणम् (06 अङ्क)

प्रश्न 02 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 6 अंक

[1] शब्द को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
[2] पद से क्या अभिप्राय है ?
[3] अनुस्वार के लिए निर्मित चिन्ह और उसके प्रयोग के विषय में बताइए।
[4] पाच शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कीजिए।
[5] उपसर्ग किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए
[6] दर्शनीय शब्द से मूलशब्द और प्रत्यय अलग कीजिए।
[7] संधि किसे कहते है ? उनके कितने भेद होते हैं ?

भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक (07 अङ्क)

प्रश्न 03) पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - 4 अंक
[1] भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था ?
[2] रैदास ने अपने स्वामी को किन-किन नामों से पुकारा है ?

प्रश्न 04 किसी एक प्रश्न का उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए। 3 अंक
[1] लेखक ने बुढ़िया के दुख का अंदाज़ा कैसे लगाया ?
[2] रैदास के पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

भाग 'घ' : पत्र लेखन (05 अङ्क)

प्रश्न 05 आपके छोटे भाई ने एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है।उसको मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए एक पत्र लिखिए। 5 अंक

============================ समाप्त ============================